कार्रवाई | नपा की अतिक्रमण पर कार्रवाई, 8 दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

# मछली बाजार का अवैध चबूतरा ध्वस्त






**अनूपपुर, नवभारत 24 जुलाई।** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को नगरपालिका ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए मुख्य बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे संचालित अस्थायी दुकानों को हटाया और पुरानी सब्जी मंडी में अवैध रूप से संचालित मछली बाजार के चबूतरे को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। नगरपालिका का अमला दोपहर में मुख्य बाजार पहुंचा, जहां जेसीबी की सहायता से सड़क तक फैले अतिक्रमण को हटाया गया। सड़क किनारे पल्ली डालकर या अस्थायी ढंग से दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

### लगातार मिल रही थीं शिकायतें

नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक गौरव सिंह बघेल और अतिक्रमण प्रभारी अखिलेश सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन को पुरानी सब्जी मंडी में बंद किए जा चुके मछली बाजार के अवैध संचालन तथा मुख्य सड़कों तक फैले अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

### अभियान लगातार जारी रहेगा

नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सामतपुर तिराहा से कोतवाली तथा कोतवाली तिराहा से स्टेशन मुख्य मार्ग तक किसी भी प्रकार का सड़क पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगरपालिका ने सभी दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यापार करने की सख्त हिदायत दी है। देर शाम तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही।

### सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए

अभियान के तहत पुरानी सब्जी मंडी के अलावा कोतवाली तिराहा से बस स्टैंड, आदर्श मार्ग तथा कोतवाली तिराहा से स्टेशन मार्ग तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए। शाम 5 बजे तक आठ दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 2400 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।



# न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**नीट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज का किया विरोध**

**अनूपपुर, नवभारत 24 जुलाई।** जिले में शुक्रवार को नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

कांग्रेस एवं वामदलों से जुड़े अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने संविधान, लोकतंत्र और नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के समर्थन में नारे लगाए। उन्होंने कहा कि छात्रों का शांतिपूर्ण विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऐसे आंदोलनों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

### पेपर लीक से विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल

अधिवक्ताओं का कहना था कि नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक जैसी घटनाओं ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। इस मुद्दे को लेकर देशभर में छात्र संगठन और विभिन्न सामाजिक समूह शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि संसद की ओर मार्च कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज में कई छात्र घायल हुए।

## एक नजर में



### रेत का अवैध परिवहन करते मिनी ट्रक जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की मिनी ट्रक से करीब 5 घन मीटर अवैध रेत जब्त की है। कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन और रेत को जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान थाना कोतवाली में पदस्थ उपनिरीक्षक कोमल अरजरिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सोन नदी की ओर से बिना नंबर का एक मिनी ट्रक अवैध रेत लेकर बस स्टैंड की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही चालक ट्रक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकला। जांच के दौरान वाहन में करीब 5 घन मीटर रेत लोड मिली।

### जिला अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के नागरिकों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जुलाई शनिवार को जिला अस्पताल अनूपपुर में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन प्रात: 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक एसवी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, शहडोल तथा जिला अस्पताल, अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में होगा। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही बीपी, शुगर, ऑक्सीजन जांच तथा आवश्यक ब्लड टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य शिविर में किडनी, प्रोस्टेट, पथरी, मूत्ररोग, गुप्त रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, आईवीएफ एवं बांझपन, शिशु रोग, ब्रेन एवं स्पाइन संबंधी समस्याएं, लकवा, मिर्गी, सिरदर्द, नसों के रोग सहित सामान्य चिकित्सा से संबंधित बीमारियों की जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिया जाएगा।

# रौतेल ने की ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

अनूपपुर, नवभारत 24 जुलाई। मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने गुरुवार देर रात अनूपपुर जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित सोनमौहरी गांव पहुंचकर हाथियों के विचरण क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, कच्चे मकानों में रात्रि विश्राम नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ से बचने की अपील की। निरीक्षण के दौरान आयोग अध्यक्ष ने वन विभाग के हाथी गश्ती दल से हाथियों की वर्तमान गतिविधियों, उनके स्वभाव एवं व्यवहार की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार निगरानी बनाए रखने तथा ग्रामीणों को समय-समय पर सतर्क करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अहिरगवां देवेंद्र पांडेय, वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल, अनूपपुर एवं अहिरगवां वन परिक्षेत्र के वनरक्षक, सुरक्षा श्रमिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत कार्यालय परिसर में किया पौधरोपण




**अनूपपुर, नवभारत।** राज्य शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के निर्देशन में शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में छायादार प्रजातियों के कदम, गुलमोहर एवं नीम सहित लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया। अभियान के तहत लगाए गए पौधों के साथ प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम संकल्प को दोहराया तथा वायुदूत ऐप के माध्यम से पौधारोपण के छायाचित्र अपलोड किए। पौधरोपण के बाद सभी पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्री गार्ड लगाए गए। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधों की नियमित निगरानी, देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेते हुए उन्हें विकसित करने का संकल्प दोहराया।

# पसान में 2000 पौधों से हरियाली का संकल्प

**एमआरएफ सेंटर में किया गया पौधरोपण**



**जमुना कोतमा नवभारत 23 जुलाई।** नगर पालिका परिषद पसान द्वारा अमृत हरित महाअभियान के तहत वार्ड क्रमांक-3 स्थित जमुना कॉलोनी के एमआरएफ सेंटर में बुधवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 2000 विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ भविष्य का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर पौधे लगाए।

### पौधों का संरक्षण भी है आवश्यक

कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण के साथ हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राजेश सिंह, लाल बहादुर जायसवाल, सचिन जायसवाल, उमेश त्रिपाठी, इंजीनियर अजय यादव, संतोष चौरसिया, पत्रकार दिवाकर विश्वकर्मा, पत्रकार अनुभव त्रिपाठी, जीवेश सिंह, संजय त्रिपाठी, कलाम, ललन कुमार सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद एवं सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

### आचार्य विनोबा भावे वार्ड में विकास कार्यों का भूमिपूजन

जबलपुर। आचार्य विनोबा भावे वार्ड में लगभग 31 लाख रूपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का भूमिपूजन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर एवं क्षेत्रीय पार्षद एड. अविनाश चमकेल के द्वारा किया गया।



# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

**कोतमा में कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**कोतमा, नवभारत 24 जुलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी चौक, कोतमा में शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं तथा छात्रों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

### कथित कार्रवाई संविधान की भावना के विपरीत

कार्यक्रम को पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, जनपद सदस्य रेखा राठौर, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पंचायती राज संगठन की जिला अध्यक्ष संध्या वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा तथा विधानसभा अध्यक्ष मो. नदीम ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता रफी अहमद ने किया।


**कार्यालय जिला दिव्यांग (C.W.S.N.) छात्रावास अनूपपुर (म.प्र.)**

**संचालन- जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर**

Gmail-cwsnhostalanuppur2026@gmail.com

क्रमांक 2026/14 दिनांक :- 20/07/2026

जिले स्तर पर 50 सीटर Boys CWSN (दिव्यांग) कक्षा 01 से 08 के बच्चों हेतु जिला दिव्यांग छात्रावास अनूपपुर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें रिक्त पदों की विज्ञप्ति निकाली जानी है कृपया किन्ही 02 दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित कराने का कष्ट करें। जिस हेतु प्रति प्रकाशन 1000 रुपए अधीकतम देय होगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है। अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी।

| क्रं. | पद का नाम | पद संख्या | अवधि | योग्यता | प्रति माह प्रदाय मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अतिथि शिक्षक पूर्ण कालिक | 01 | 2026-27 | स्नातक/12वीं के साथ विशेष शिक्षा बी.एड. अथवा डी.एड. विशेष शिक्षा आर.सी.आई. से जीवित पंजीयन (दृष्टिबाधित विषय एवं पूर्ण दृष्टि बाधित व्यक्तियों को प्राथमिकता) | 10000 |
| 2. | केयर गीवर, पूर्ण कालिक | 01 | 2026-27 | हायर सेकेण्डरी/अनुभव को प्राथमिकता | 8000 |

अत: निम्न पदों पर अपने आवेदन वार्डन जिला दिव्यांग (CWSN) छात्रावास अनूपपुर जिला अनूपपुर के नाम पर विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिवस तक कार्यालयीन समय में जिला दिव्यांग (CWSN) छात्रावास अनूपपुर जिला अनूपपुर में जमा किये जा सकते है। अधिक जानकारी के लिये संस्था के मोबाइल नं. 7477065318 पर संपर्क कर सकते है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में निर्णय जिला प्रमुख का होगा।

**जिला दिव्यांग (C.W.S.N.) छात्रावास अनूपपुर (म.प्र.)**


# किसानों से वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने की अपील

**दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान: 4,172 पशुपालकों तक पहुंचा विभाग**



**अनूपपुर, नवभारत 24 जुलाई।** जिले में पशुपालकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण प्रभावी रूप से जारी है।

13 जुलाई से शुरू हुए इस अभियान के तहत विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पशुपालकों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन की जानकारी दे रहे हैं। उप संचालक पशुपालन डॉ. एस.बी. चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान तीन से चार गौवंश एवं भैंसवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क कर उन्हें नस्ल सुधार, संतुलित पशु आहार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, नियमित टीकाकरण तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।

### किसानों को पारदर्शी उर्वरक वितरण के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 24 जुलाई।** खरीफ सीजन में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित धनगवां का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद भंडारण एवं वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पारदर्शी एवं समयबद्ध उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति के खाद गोदाम में उपलब्ध यूरिया एवं एनपीके उर्वरक के स्टॉक की जानकारी ली।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोतमा, जिला अनूपपुर (मध्यप्रदेश)**

**इश्तहार**

**पीठासीन अधिकारी- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रमांक: 499/प्रवा./2026 दिनांक :- 22/07/2026

ACC Limited (Lamatola Coal Block) ...आवेदक

बनाम

मध्यप्रदेश शासन ...अनावेदक

जरीये इश्तहार सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कलेक्टर, जिला अनूपपुर (म.प्र.) से प्राप्त ऑनलाइन पत्र क्रमांक 0009/अ-20(2)/2026-27 एवं 0010/अ-20(2)/2026-27 के अनुपालन में ACC Limited (Lamatola Coal Block) द्वारा कोयला खदान के विकास, संचालन एवं उससे संबंधित अधोसंरचना (Mine Infrastructure), Incline Drivage, Shaft, Surface Infrastructure, Mine Office, Workshop, Coal Handling Plant, Haul Road तथा अन्य आवश्यक खनन अधोसंरचना के विकास हेतु निम्नानुसार वर्णित शासकीय भूमि के स्थायी आवंटन/हस्तांतरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित राजस्व नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अंतर्गत निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित शासकीय भूमि का स्थायी पट्टे पर आवंटन/हस्तांतरण प्रस्तावित है।

अनुसूची

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | ग्राम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हे.) | प्रस्तावित आवंटन (हे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 0009/अ-20(2) /2026-27 | गढ़ी | 482 | 26.2410 | 5.3950 |
| 2. | | | 557 | 0.2830 | 0.2830 |
| 3. | | | 559 | 2.6140 | 2.6140 |
| 4. | | | 565/1 | 4.0390 | 4.0390 |
| 5. | | | 500/1 | 0.0980 | 0.0980 |
| गढ़ी कुल | | | | 33.2750 | 12.4290 |
| 6. | 10010/अ-20(2) /2026-27 | ढोडहा | 708/2 | 0.5710 | 0.2110 |
| 7. | | | 700 | 0.1050 | 0.1040 |
| ढोडहा कुल | | | | 0.6760 | 0.3150 |

कुल प्रस्तावित शासकीय भूमि : 12.7440 हेक्टेयर

उपरोक्त वर्णित शासकीय भूमि के स्थायी पट्टे पर आवंटन/हस्तांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर अपना लिखित अभ्यावेदन/आपत्ति आवश्यक साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

(हस्ताक्षर)

कोतमा

दिनांक :- 22/07/2026

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**


समस्या | हर पल हादसे का खतरा, नए भवन की उठी मांग

# ग्राम पंचायत दैखल के जर्जर स्कूल भवन में पढ़ाई को मजबूर बच्चे






**अनूपपुर, नवभारत 24 जुलाई।** जिले के विकासखंड अनूपपुर की ग्राम पंचायत दैखल स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की छत से लगातार गिट्टी और सीमेंट के टुकड़े गिर रहे हैं, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

इसके बावजूद शिक्षा विभाग की ओर से अब तक भवन की मरम्मत या नए भवन के निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र द्वारा लगभग 35 से 40 वर्ष पूर्व कराया गया था। समय के साथ भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है, लेकिन वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसे में बच्चे भय के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

### स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या

बारिश के मौसम में विद्यालय परिसर में जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाती है। भवन की खराब स्थिति के कारण नियमित कक्षाओं का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। मजबूरीवश विद्यालय की सभी कक्षाओं का संचालन एक छोटे से अतिरिक्त कक्ष में किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल नए विद्यालय भवन की स्वीकृति दी जाए अथवा मौजूदा भवन की आवश्यक मरम्मत कराई जाए।